तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार, मई 16, 2024



11 कैडेट्स ने मतदान के लिए किया जागरूक






12 भूटान से आए मेहमानों का स्वागत किया




## खबर संक्षेप

### कार चालकों से 44.99 लाख रुपये बरामद

**खरखौदा।** सैदपुर पुलिस चौकी के पास नाका लगाकर एफएसटी टीम द्वारा वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक टियागो कार की जांच की गई। जिसमें 44 लाख 99 लाख 200 रुपए मिले। कार में सवार बसोली बागपत निवासी संजीत तोमर व हरिद्वार निवासी ध्रुव ने बताया कि यह पैसे एक फैक्ट्री मालिक के हैं। जो वे दिल्ली के रोहिणी से लेकर चले थे और रोहतक देने के लिए जा रहे थे। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### आईटीआई जा रहे भाइयों के साथ मारपीट

**गन्नौर।** चिरस्मी रोड पर आईटीआई में पढ़ने जा रहे बाइक सवार दो भाइयों के साथ गाड़ी सवार युवकों ने मारपीट कर दी। छात्रों ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना में दी है। शिकायत में चिरस्मी गांव के रितिक ने बताया कि वह अपने भाई नवदीप के साथ बाइक पर गन्नौर आईटीआई में पढ़ने जा रहा था। इस दौरान एक गाड़ी उनकी बाइक के सामने रुकी और उसमें से दो लड़के उतरे। जिन्होंने उनके साथ गाली-गलौज की। उन्होंने विरोध किया तो उसके कुछ साथी भी वहां आए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। गन्नौर थाना पुलिस ने आरोपित आशीष, आशू व उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केस वापस न लेने पर धमकी, मुकदमा




**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लिवासपुर में घर के अंदर घुसकर धमकी देने व केस उठाने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जाजल निवासी सुमन ने बताया कि गत 11 मई को वह अपने घर पर मौजूद थी। उसी दौरान लिवासपुर निवासी भजन लाल उसके घर में घुस आया। उस पर मेरी मां ने मुकदमा दर्ज करवाया रखा है। घर के अंदर आते ही उसे केस उठाने की धमकी देने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपित मौके से फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# गली में खेल रही बच्ची का अपहरण, बस अड्डे से किया बरामद

## पुलिस की दस टीमों ने खोज निकाला, आरोपित को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

आदर्श नगर के पास गली में खेल रही चार साल की बच्ची का युवक ने गलत नियत से अपहरण कर लिया। बेटी के घर नहीं आने पर परिजन तलाश को निकले तो कोई जानकारी नहीं मिली। जिस पर पुलिस को अवगत कराया। जिस पर एसीपी राहुल देव के नेतृत्व में पुलिस की 10 टीमों ने अभियान चलाकर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।

### जीवन विहार का आरोपी

पुलिस ने आरोपी मूलरूप से गांव पीपलीखेड़ा फिलहाल जीवन विहार के दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।



मूलरूप से बिहार फिलहाल सेक्टर-27 थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनके पास दो बेटियां है। उनकी चार साल की बेटी गंदा नाला के पास आदर्श नगर क्षेत्र में खेल रही थी। वह पेंटर का काम करते है और वह ओमेक्स सिटी में काम करने के लिए गए हुए थे। उनकी पत्नी ने बताया कि छोटी बेटी सुबह करीब साढ़े 8 बजे घर से बाहर गई थी।

### बच्ची घर नहीं लौटी

उसके बाद वह नहीं लौटी है। वह वापस आए और बेटी की तलाश की, लेकिन जानकारी नहीं मिली। इस पर दोपहर ढाई बजे पुलिस को अवगत कराया गया। जिस पर डीसीपी नरेंद्र कादियान के निर्देश पर एसीपी राहुल देव के नेतृत्व में 10 टीमों का गठन किया गया। जिसमें सीआईए यूनिट भी शामिल की गई। पुलिस ने तुरंत शहर के सीसीटीवी खंगाले तो एक युवक बच्ची को ले जाते दिखाई दिया। पुलिस ने नाकाबंदी बढ़ा दी। इसी बीच बच्ची को बस स्टैंड के पास से बरामद कर लिया गया। बच्ची का नागरिक अस्पताल में मेडिकल करवाया गया। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी बोला दिल्ली तक लेकर गया, गलत नियत से उठाया

आरोपी ने पुलिस के सामने कबूल किया है कि उसने बच्ची को गलत नियत से उठाया था। वह बच्ची को लेकर घूमता रहा और बाद में ट्रेन में सवार होकर दिल्ली चला गया। बाद में वापस लौट आया। उसके बाद गुरुद्वारा रोड पर पहुंचा और उसे बिस्कुट खिलाए। पूछताछ में सामने आया है कि बच्ची का गलत नियत से उठाया था। पुलिस उससे गहनता से पूछताछ में लगी है।

### पुलिस की मुस्तैदी और सीसीटीवी बना मददगार

पुलिस ने वारदात का पता लगते ही तुरंत नाकाबंदी बढ़ा दी थी। जिसके बाद हर चौक पर जांच की गई। इसी बीच आरोपी ने बच्ची को बस स्टैंड के पास छोड़ दिया और पुलिस ने उसे बरामद कर लिया। इसमें सीसीटीवी भी काफी मददगार बने।

### आरोपी को अदालत में पेश करेंगे

बच्ची के अपहरण का पता लगते ही 10 टीम बनाकर जांच शुरू कर दी थी। बच्ची को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया जाएगा। उससे गहनता से पूछताछ कर पूरे मामले की सच्चाई सामने लाएंगे।
राहुल देव, एसीपी सोनीपत

# सुविधा : नागरिक अस्पताल में शुरू हुई ऑर्थोडॉन्टिक ओपीडी

- प्रदेश में अब तक पीजीआई रोहतक में ही उपलब्ध है ओपीडी सेवा
- नागरिक अस्पताल में 1500 रुपये में मिलेगा इलाज, 200 रुपये की कटेगी पर्ची
- गलत संरेखित दांतों और जबड़ों का ओपीडी में किया जाएगा उपचार
- जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने रिबन काटकर ओपीडी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सहरानीय कदम उठाया गया है। पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस), रोहतक के बाद अब नागरिक अस्पताल सोनीपत में ऑर्थोडॉन्टिक ओपीडी शुरू हुई।

■ पहले दिन आठ मरीज उपचार करवाने के लिए पहुंचे

पहले दिन आठ मरीज उपचार कराने के लिए अस्पताल में पहुंचे। जिनमें से गांव ठरू के रहने वाले महेश को टेढ़े-मेढ़े व गलत संरेखित दांतों का ऑर्थोडॉन्टिक उपचार किया गया।

**सात ने करवाया पंजीकरण :** बाकी सात मरीजों का पंजीकरण किया गया। जल्द ही उनका उपचार शुरू कर दिया जायेगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर ने अपनी टीम के साथ रिबन काटकर ओपीडी की शुरू की है। ओपीडी सेवाएं शुरू होने से आसपास के क्षेत्र की वासियों को लाभ मिल सकेगा।

नागरिक अस्पताल में तैनात ऑर्थोडॉन्टिस्ट डा. सुभाष गहलावत ने बताया कि नागरिक अस्पताल में ऑर्थोडॉन्टिक ओपीडी में इलाज कराने वाले मरीजों से एक बार में 200 रुपये की फीस ली जाएगी। साथ ही अस्पताल में सामान उपलब्ध होने पर 1500 रुपये में इलाज मिल सकेगा। अस्पताल में गलत संरेखित दांतों और जबड़ों के ऑर्थोडॉन्टिक उपचार के लिए अगर सामान उपलब्ध नहीं होगा तो मरीज को उसे बाहर से खरीदकर लाना होगा। ऐसे में उससे 1500 रुपये जमा नहीं करवाए जाएंगे।

दंत मरीजों को ऑर्थोडॉन्टिक उपचार कराने के लिए निजी अस्पतालों में 25 से 30 हजार खर्च करने पड़ रहे है। जिला नागरिक अस्पताल में मरीज कम खर्च में उपचार करा सकेंगे। इस दौरान उप चिकित्सा अधीक्षक डा. संदीप लठवाल, उप सिविल सर्जन डा. अनीता सहारण, दंत सर्जन डा. निकिता, हरिकिशन भारद्वाज समेत अन्य स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।



**सोनीपत।** अस्पताल में रिबन काटकर ओपीडी की शुरूआत करते जिला स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य।

### प्रदेश का ऐसा पहला नागरिक अस्पताल

टेढ़े-मेढ़े व गलत संरेखित दांतों व जबड़ों को ठीक कराने में अब भारी भरकम राशि खर्च नहीं करनी होगी। सोनीपत में प्रदेश का पहला नागरिक अस्पताल है जिसमें ऑर्थोडॉन्टिक ओपीडी शुरू हुई है। अब तक पीजीआईएमएस, रोहतक में यह सेवा उपलब्ध है। पीजीआई में वेटिंग ज्यादा होने के कारण दंत मरीजों को परेशानी होती है। ऐसे में दंत मरीज सोनीपत के जिला नागरिक अस्पताल में भी इसका लाभ ले सकेंगे।
डा. जयकिशोर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी नागरिक अस्पताल।

# 25 हजार का इनामी बदमाश 12 साल बाद हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



■ हत्या आरोपी को पुलिस ने अदालत में किया पेश, एक दिन के रिमांड पर भेजा

क्राईम यूनिट कुंडली पुलिस ने हत्या की वारदात में शामिल 25 हजार रुपये के ईनामी बदमाश को 12 साल बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित अखिलेश निवासी जिला रोहताश बिहार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### ये था मामला

मुरशाना बुलंदशहर निवासी चंद ने गत 31 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका बेटा अनिल चालक की नौकरी करता था। उसका बेटा 25 जुलाई 2012 को रात 9 बजे ग्रेटर नोयडा सुरजपुर से अपने केंटर में वाटर कूलर टैंक लेकर हिमाचल प्रदेश के लिए चला था। उसने अगले दिन हिमाचल पहुंचना था, लेकिन वह नहीं पहुंचा। वह अपने बेटे की तलाश में कुंडली पहुंचा।

### कैंटर छीनकर हत्या करने का आरोप

जहां उसे जानकारी मिली कि गटर में लड़के की लाश पड़ी हुई है। उसने पास जाकर देखा तो उसके बेटे का शव पड़ा हुआ था। जिसके गले में एक कपड़ा बन्दा हुआ है जिसके केंटर और माल का अभी तक कोई पता नही चला है मेरे बेटे अनिल को जरुर यही टीडीआई में आसपास के नामालूम व्यक्ति ने उसका माल सहित केंटर छीन कर उसकी हत्या कर दी है।

इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपित राहुल, रविंद्र व राकेश को गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में लूटा गया सामान व केंटर को बरामद कर लिया था। वारदात में आरोपित अखिलेश फरार था। पुलिस ने फरार आरोपित पर 25 हजार रुपये का ईनाम रखा था। पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड अपील की। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही अन्य खुलासे भी होंगे।

# मनौली में खेत से सौर उर्जा की प्लेट चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ पुलिस ने सुशील कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव मनौली में किसान के खेत से सोलर की प्लेट चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव मनौली निवासी सुशील कुमार ने बताया कि उसने अपने खेत में सिंचाई के लिए लगाए टयूवैल पर सौर उर्जा की प्लेट लगा रखी है। किसी ने 530 वाट की प्लेट को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर प्लेट की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी धर्मबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# जागसी राजकीय स्कूल में दस दिन में दूसरी बार सेंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव जागसी में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में चोरों ने 10 दिन में दूसरी बार मंगलवार रात को सेंध लगा दी।

### कंप्यूटर लैब में घुसे

चोर कम्प्यूटर लैब और पुस्तकालय के ताले तोड़ कर सामान चोरी कर लिया। मुख्याध्यापक के कार्यालय का ताला तोड़ने की कोशिश की गई। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की।



स्कूल का क्षतिग्रस्त दरवाजा

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में चोरों ने पहले पांच मई को सेंध लगाई थी। तब यहां से गैस सिलेंडर और चूल्हा चोरी किया गया था। मंगलवार रात को चोरों ने विद्यालय में दोबारा सेंध लगाई। चोरों ने कम्प्यूटर लैब व पुस्तकालय के ताले तोड़कर यहां से 15 बैट्री और वैक्यूम क्लीनर चोरी कर लिया।

पुस्तकालय का सामान ठीक मिला। मुख्याध्यापक के कार्यालय का ताला तोड़ने की कोशिश की गई। बुधवार सुबह जब विद्यालय के एलए स्कूल गए तो चोरी का पता चला। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

# राजनीतिक दलों की मौजूदगी में ईवीएम व वीवीपीएटी की रेंडमाइजेशन प्रकिया पूरी

- सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. मंजुला एन व आरओ एवं डीसी डॉ. मनोज कुमार रहे मौजूद
- सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में बनाए गए 1846 मतदान केंद्र, सभी तैयारियां पूरी
- प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक कंट्रोल यूनिट, दो बैलेट यूनिट तथा एक वीवीपीएटी लगेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. मंजुला एन की मौजूदगी में तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए ईवीएम व वीवीपीएटी की दूसरी रेंडमाइजेशन प्रकिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया से ईडीएमएस एप्लिकेशन के माध्यम से सोनीपत लोकसभा की सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम व वीवीपीएटी का निर्धारण किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए अभी तक ईवीएम व वीवीपीएटी की पहली रेंडमाइजेशन हुई थी। आज दूसरी रेंडमाइजेशन के दौरान सभी ईवीएम व वीवीपीएटी के लिए मतदान केंद्रों का निर्धारण किया गया है। यह कार्य ईडीएमएस एप्लिकेशन के जरिए किया जाता है।

इसमें किसी भी प्रकार का मानवीय दखल नहीं होता। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, अतिरिक्त उपायुक्त जींद हरीश कुमार वशिष्ठ, सीईओ जिला परिषद डॉ. सुशील कुमार, एसडीएम गोहाना विवेक आर्य, एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर, एसडीएम खरखौदा श्वेता सुहाग, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, एसडीएम सफीदो मनीष फौगाट, एसडीएम जींद राकेश सैनी, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री, निर्वाचन तहसीलदार दिनेश शर्मा, डीआईओ राहुल सैनी तथा जूनियर प्रोग्रामर संजय श्रीवास्तव सहित चुनाव ड्यूटी में तैनात किए गए अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में तैयारियों की समीक्षा भी की गई।

### विधानसभा क्षेत्र वाइज मतदान केंद्र

सोनीपत लोकसभा के लिए कुल 1846 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें जुलाना विधानसभा में 200, सफीदों विधानसभा में 194, जींद विधानसभा में 192, गन्नौर विधानसभा में 223, राई विधानसभा में 208, खरखौदा विधानसभा में 189, सोनीपत विधानसभा में 203, गोहाना विधानसभा में 214 तथा बरोदा विधानसभा में 223मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक कंट्रोल यूनिट, दो बैलेट यूनिट तथा एक वीवीपीएटी लगाई जाएगी।

**सहायक पंप आपरेटर की मौत फालोअप : बेटा अस्पताल से लाया था टीका चोरी कर**

# छह माह पहले हुई दोस्ती प्यार में बदली, फिर रची पिता व भाई को रास्ते से हटाने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

- वार्ड ब्वाय का काम करता था नवीन
- अस्पताल में साथ काम करती थी सुषमा

सहायक पंप आपरेटर दलबीर की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपित नवीन व सुषमा छह महीने पहले ही एक दूसरे से मिले थे। नवीन छह महीने पहले ही सोनीपत के एक निजी अस्पताल में वार्ड ब्वाय नौकरी करने आया था। इसी अस्पताल में सुषमा पहले ही बतौर स्टाफ नर्स की नौकरी रही थी। इस दौरान उनकी एक दूसरे से दोस्ती हुई और कुछ ही दिनों में दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों एक दूसरे से शादी करने का मन भी बना चुके थे, लेकिन अलग-अलग जाति होने की वजह से नवीन को डर था कि उसके पिता दलबीर व भाई परमिंदर उनकी शादी को स्वीकार नहीं करेंगे।

### ऐसे रची साजिश

इसी डर की वजह से उसके मन में अपने पिता व भाई को रास्ते से हटाने का विचार आया। नवीन ने अपने पिता व भाई को रास्ते से हटाने की साजिश रची। 12 मई को जब वह ड्यूटी पर गया तो उसने अस्पताल से एटरा क्यूरियम इंजेक्शन चुरा लिया और अपने घर ले आया।

### एटरा क्यूरियम इंजेक्शन

उसे पता था कि यह इंजेक्शन जनरल एनेस्थीसिया के तौर पर काम में लाया जाता है और यदि इसे अधिक मात्रा में मरीज को दे दिया जाए तो उसकी जान भी जा सकती है। उसने सुषमा को अपनी योजना में शामिल किया और उसे कैंसर का टीकाकरण करने के बहाने अपने घर भेज दिया। इस दौरान नवीन घर के बाहर अपनी गली में ही खड़ा रहा। जबकि सुषमा उसके पिता व भाई को इंजेक्शन लगाने के लिए उनके घर स्वास्थ्य कर्मी बन कर घुस गई। सुषमा ने नवीन के पिता को इंजेक्शन की ओवरडोज तो लगा दी, लेकिन उसके भाई ने इंजेक्शन लगवाने से मना कर दिया।

**सीसीटीवी में कैद हुए :** इंजेक्शन लगाने के बाद नवीन सुषमा को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा कर उदेशीपुर गांव तक छोड़ कर आया। इस दौरान वह गांव के अड्डे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिस वजह से उनके षडयंत्र का पुलिस खुलासा कर पाई। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

### इंजेक्शन बरामद करने का प्रयास कर रही पुलिस

थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपितों को दो दिन के रिमांड पर ले रखा है। पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। आरोपितों से इंजेक्शन बरामद करने का प्रयास कर रही है। वीरवार को उनका रिमांड समाप्त होगा।



फिटनेस फंडा / करण मेहरा

# डेली वर्कआउट के लिए टाइम मैनेज करता हूं

इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'मेहंदी वाला घर' में मनोज अग्रवाल के किरदार में एक्टर करण मेहरा नजर आ रहे हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन करने के लिए वे क्या कुछ एफर्ट्स करते हैं, जानिए उन्हीं की जुबानी।



करण मेहरा टीवी इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर्स में शामिल हैं। वे अच्छे एक्टर होने के साथ अपनी फिटनेस को लेकर भी कॉन्शस रहते हैं। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं करण मेहरा।

### फिटनेस आइडियल

वैसे तो मेरा कोई फिटनेस आइडियल नहीं है। लेकिन फिल्म स्टार रितिक रोशन को मैं लाइक करता हूं क्योंकि वे बहुत फिटनेस फ्रीक हैं। उन्होंने अपनी बॉडी को अच्छा मेंटेन कर रखा है। उनकी बॉडी फिटनेस को आइडियल बॉडी कहा जा सकता है। उनसे मैं इंस्पायर होता हूं।

### डाइट प्लान

हेल्दी रहने के लिए मेरा कोई खास डाइट प्लान नहीं है। मैं हेल्दी फूड्स लेने में बिलीव करता हूं। दिन भर कुछ खाते रहने के बजाय मैं सिर्फ दो बार हेल्दी और न्यूट्रिशस फूड्स खाता हूं-लंच एंड डिनर। कुछ लोग अपने लिए स्पेशल टाइप के डाइट प्लांस बनाते और उसे फॉलो करते हैं, लेकिन मैंने ऐसा कभी नहीं किया।

### वर्कआउट रूटीन

मैं कोई पर्टिकुलर वर्कआउट नहीं करता हूं। मेरा मानना है कि जब आप किसी भी तरह की एक्सरसाइज या वर्कआउट डेली करते हैं तो यह बॉडी के लिए बहुत ही अच्छा होता है। वर्कआउट के लिए मैं डेली सुबह सात बजे तक जिम पहुंच जाता हूं। निश्चित समय तक एक्सरसाइज करने के साथ रूटीन वर्क के बाद नौ बजे तक शूटिंग के लिए सेट पर पहुंच जाता हूं।

### करता हूं टाइम मैनेजमेंट

यह सही है कि मेरा शेड्यूल बहुत बिजी रहता है, ऐसे में एक्सरसाइज के लिए टाइम निकालना टफ होता है, लेकिन ऐसा करना जरूरी है। इसलिए मुझे टाइम मैनेज करना ही पड़ता है। अगर शूटिंग के लिए सुबह नौ बजे की शिफ्ट हो तो सुबह सात बजे जिम जाकर वर्कआउट करता हूं। अगर शूटिंग की शिफ्ट किसी दिन सुबह सात बजे ही होती है तो मैं शाम को वर्कआउट के लिए जाता हूं। यानी किसी भी तरह से वर्कआउट के लिए मैं टाइम मैनेज करता हूं।

### रीडर्स को मैसेज

मेरा मानना है कि हर किसी को अपनी बॉडी और इसकी स्ट्रेंथ के बारे में पता होता है। इसलिए कोई एक ही फंडा सभी पर लागू नहीं हो सकता है। मैं तो यही सलाह दूंगा कि अपनी शारीरिक क्षमता और पसंद के हिसाब से वर्कआउट करें। वर्कआउट और डाइट के बीच बैलेंस बनाना जरूरी है। इससे हम हेल्दी और फिट रह सकते हैं।

### ऐसे रहता हूं मेंटली हेल्दी

हैप्पी लाइफ के लिए फिजिकल हेल्थ के साथ मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है। मेंटली हेल्दी रहने के लिए मैं हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं। आजकल की लाइफ में इतनी भाग-दौड़ और तनाव बढ़ता जा रहा है कि लोगों का खुश रहना बहुत मुश्किल हो गया है। जबकि मेंटली हेल्दी रहने के लिए खुश रहना सबसे जरूरी है। इसलिए मैं खुश रहने का प्रयास करता हूं। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

डॉक्टर्स एडवाइस


स्पेशलः वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

आज के दौर में हाई बीपी को लोग कॉमन हेल्थ प्रॉब्लम मानने लगे हैं। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना सही नहीं है, क्योंकि इसकी वजह से आप कई अन्य खतरनाक बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं। हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर किस तरह की समस्याएं बढ़ाता है और किस तरह से आपको इससे बचना चाहिए?

# लाइफस्टाइल-डाइट सुधारकर कंट्रोल कर सकते हैं हाइपरटेंशन







आज वैश्विक स्तर पर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या गंभीर रूप से कई लोगों को प्रभावित कर रही है। पहले के समय में यह समस्या उम्र बढ़ने के साथ होती थी लेकिन वर्तमान समय में बहुत से युवा भी इस समस्या की चपेट में आ रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर से होने वाले खतरों के बारे में लोग सतर्क रहें और बचाव के लिए जागरूक रहें, इसी उद्देश्य से हर साल 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे मनाया जाता है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है।

### बढ़ता है कई बीमारियों का रिस्क

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर डायरेक्टर एंड प्रोग्राम हेड- कार्डियक साइंसेज, **डॉ. हेमंत मदान** के अनुसार, 'सामान्य रूप से एक स्वस्थ व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120/80 होता है। हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति में व्यक्ति का ब्लड प्रेशर इस नॉर्मल वैल्यू के ऊपर पहुंच जाता है। ऐसे में शरीर की धमनियों में रक्त का दबाव अधिक बढ़ जाता है। अकसर दिनभर में रक्त चाप कई बार बढ़ता और कम होता रहता है, लेकिन अगर हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति लंबे समय तक रहती है तो यह सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है और इसके कई दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं। इस समस्या के कारण हार्ट डिजीजेज, हार्ट फेलियर और स्ट्रोक जैसी अनेक बीमारियां होने का खतरा रहता है।'

### हाई ब्लड प्रेशर के कारण

हाई ब्लड प्रेशर के कारणों के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में इंटरवेंशनल, क्लिनिकल, क्रिटिकल कार्डियोलॉजी एंड इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट **डॉ. अविनाश बंसल** बताते हैं, 'ज्यादातर हाई ब्लड प्रेशर के मामलों में कोई एक कारण जिम्मेदार नहीं होता है। अनियमित जीवनशैली, खराब खान-पान, आनुवांशिक कारण और प्रदूषण से जुड़े हुए कारण जब सामूहिक रूप से लंबे समय तक किसी व्यक्ति को प्रभावित करते हैं, तो हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ने लगती है। शारीरिक गतिविधि की कमी, जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन, अनियमित लाइफस्टाइल, अधिक सिगरेट और शराब का सेवन व्यक्ति को हाइपरटेंशन का शिकार बना देता है। इसके अलावा तनाव भी मुख्य रूप से हाई ब्लड प्रेशर के लिए जिम्मेदार होता है क्योंकि अधिक तनाव के कारण ऐसे हार्मोंस निकलते हैं, जो रक्त वाहिकाओं पर दबाव डालते हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। ऐसे में इन कारणों को समझ कर लाइफस्टाइल में आवश्यक परिवर्तन करना जरूरी है।'



### हाई ब्लड प्रेशर के प्रमुख लक्षण

हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों के बारे में नारायणा हॉस्पिटल और आरएन टैगोर हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियक सर्जरी **डॉ. ललित कपूर** डिटेल में बताते हैं, 'हाई ब्लड प्रेशर को एक तरह से साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। अकसर ऐसा देखा गया है कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीज में लक्षण या किसी भी तरह के संकेत जल्दी देखने को नहीं मिलते हैं, लेकिन इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं, जिनका पता लगने के बाद आप ब्लड प्रेशर की जांच करा सकते हैं। इन लक्षणों में चक्कर आना, सांस लेने में मुश्किल होना, थकान, नाक से खून आना, अकसर सिर दर्द रहना, नजर में परिवर्तन आना, सीने में दर्द महसूस होना और यूरिन के साथ ब्लड आना जैसे लक्षण शामिल हैं। ऐसे लक्षणों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। भूलकर भी ऐसे लक्षणों के प्रति लापरवाही ना बरतें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करके आवश्यक जांच कराएं।'

### हाई बीपी से बचाव के उपाय

हाई बीपी से बचाव के उपायों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी **डॉ. समीर कुब्बा** बताते हैं, 'लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति शरीर में कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकती हैं, इसलिए बचाव के तौर पर आपको कुछ सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सबसे पहले तो आप नमक का सेवन सीमित करें, शराब का सेवन और धूम्रपान बिल्कुल भी ना करें, अपने तनाव को कम करने के लिए व्यायाम और योग को प्राथमिकता दें, फास्ट फूड के सेवन से बचें, सिर्फ पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें। चाय और कॉफी का सेवन भी कम करें। इसके अलावा नियमित रूप से अपने ब्लड प्रेशर की जांच कराते रहें और डॉक्टर के संपर्क में बने रहें।' *

### नॉर्मल बीपी और हाई बीपी में क्या होता है अंतर

अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में वेकस्नर मेडिकल सेंटर में कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. जिम ल्यू कहते हैं, 'ब्लड प्रेशर वह फोर्स है, जिसका प्रयोग हमारा ब्लड आर्टिरीज वॉल्स में प्रवेश के लिए करता है। हमारा हार्ट ब्लड पंप करता है तो यह ऑक्सीजन से युक्त रक्त को हमारी आर्टिरीज में धकेलने के लिए बल का प्रयोग करता है। यहीं से यह हमारी विभिन्न कोशिकाओं और ऊतकों तक पहुंचता है। यह काम दिन भर होता रहता है और प्रति मिनट 60 से 100 बार तक होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन और अमेरिकन कॉलेज आफ कार्डियोलॉजी ने सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 बताया है। यू एस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन ने 130 /80 या इससे ज्यादा बीपी को हाई बीपी बताया है।

-अंजू जैन

### हाई बीपी को लेकर कई लोग करते हैं लापरवाही



**हाई ब्लड प्रेशर** के खतरे के बारे में लोग आज भी जागरूक नहीं हैं, जिस कारण अधिकांश लोग आज भी आसानी से इसकी चपेट में आ जाते हैं। आईसीएमआर के राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा कराए गए एक नए अध्ययन में पता चलता है कि भारत में 18 से 54 साल के उम्र वाले 30 प्रतिशत लोगों ने कभी अपना ब्लड प्रेशर नहीं नपवाया है। यह अध्ययन हाल ही में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुआ है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हाई ब्लड प्रेशर का मतलब है कि नसों में खून का फ्लो तेज होना। डॉक्टरों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर दिल का दौरा, ब्रेन स्ट्रोक और लंबे समय में किडनी खराब होने जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि देश में प्री-हाइपरटेंशन यानी शुरुआती हाई ब्लड प्रेशर की दर भी विभिन्न जिलों में 34 प्रतिशत तक है। प्री-हाइपरटेंशन वह अवस्था है, जहां ब्लड प्रेशर सामान्य से थोड़ा अधिक होता है, लेकिन हाई ब्लड प्रेशर की श्रेणी में अभी नहीं आता। इस अध्ययन में शामिल डॉक्टरों का कहना है कि अध्ययन इस बात की ओर इशारा करता है कि भारत में लोगों को अपने सेहत के प्रति जागरुकता बढ़ाने की जरूरत है। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करवाना बहुत जरूरी है। खासकर 40 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए।

-अजेश कुमार

डिजीज

**डॉ. अरु हांडा**
सीनियर कंसल्टेंट-ईएनटी डिपार्टमेंट
मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम

अगर आपकी नाक अकसर बंद महसूस होती है और आपको सांस लेने में परेशानी होती है तो सचेत हो जाएं। यह साइनस का लक्षण हो सकता है। क्यों होता ऐसा और इससे कैसे करें बचाव, जानिए।

# ईजिली हो सकता है साइनस ट्रीटमेंट



जब नाक बंद होने के कारण रात को ठीक से नींद ना आए तो ऐसी शारीरिक दशा को साइनोसाइटिस या साइनस कहते हैं। पहले सह समझना जरूरी है कि आखिर यह रोग होता क्या है?

**क्या है साइनस :** सिर के स्कैल्प की हड्डियों में असंख्य बारीक छिद्र होते हैं, जिनके माध्यम से ब्रेन तक ऑक्सीजन पहुंचती है। सर्दी-जुकाम होने की स्थिति में इन छिद्रों में कफ भर जाता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ के साथ सिर में बहुत भारीपन महसूस होता है। आमतौर पर सर्दी-जुकाम को ठीक होने में तीन से चार दिन लग जाते हैं, लेकिन कुछ लोगों को जुकाम बहुत कम होता है, एक या दो दिनों के बाद ही रनिंग नोज की समस्या दूर हो जाती है, इससे नाक से गंदगी बाहर नहीं निकल पाती। कुछ समय के बाद यही कफ साइनस का रूप धारण कर लेता है। इसीलिए सर्दी-जुकाम होते ही उसे दवा लेकर रोकने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे साइनस हो सकता है।

**साइनस के प्रकार :** लक्षणों की तीव्रता के आधार पर साइनस को विभिन्न रूपों में बांटा जा सकता है।

**एक्यूट :** इसमें नाक से पानी गिरना या अचानक नाक बंद हो जाना दोनों ही स्थितियां हो सकती हैं। कई बार यह समस्या महीनों तक बनी रहती है। बैक्टीरियल इंफेक्शन इसकी प्रमुख वजह है। यह संक्रमण लोगों की सांस की नली के ऊपरी हिस्से में होता है, इसे दूर करने के लिए एंटीबायोटिक्स, पेन किलर और नेजल ड्रॉप लेने की जरूरत पड़ती है। अधिक मात्रा में पानी पीना और स्टीम लेना भी इस समस्या से बचाव में मददगार होता है।

**सब एक्यूट साइनस :** इसके लक्षण भी एक्यूट जैसे ही होते हैं, लेकिन महीने भर में यह समस्या आसानी से दूर हो जाती है।

**रीक्यूरेंट :** जिन्हें पहले से अस्थमा या एलर्जी की समस्या हो, उसके साथ ही अगर उनमें बंद नाक जैसे लक्षण नजर आएं तो इसे रीक्यूरेंट साइनस कहा जाता है।

**क्रॉनिक :** जब यह समस्या वर्षों तक ठीक नहीं होती और इसकी वजह से अगर किसी को नाक में जलन, दर्द और सूजन जैसी परेशानियां होती हैं तो ऐसी दशा को क्रॉनिक साइनोसाइटिस कहा जाता है। इसकी वजह से सिर में दर्द और व्यवहार में चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**प्रमुख लक्षण :** सिर और आंखों में तेज दर्द, आवाज में भारीपन, हल्का बुखार और बेचैनी, जबड़े, गालों और दांतों में दर्द, सूंघने की क्षमता प्रभावित होना, भोजन में अरुचि और कभी-कभी नाक से पानी गिरना और छींकें आना।

**क्या है वजह :** कुछ लोगों की नाक की हड्डी का आकार अपने आप बढ़ जाता है, जिससे यह समस्या हो सकती है। चेहरे या नाक पर गंभीर चोट लगने से ऐसा हो सकता है। जो लोग किसी खास तरह की एलर्जी के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें भी यह बीमारी हो सकती है। प्रदूषण भरे वातावरण में रहने या अधिक मात्रा में सिगरेट पीने वाले लोगों को भी ऐसी समस्या हो सकती है।

**रखें ध्यान :** अपने कमरों के कार्पेट, गद्दों, तकिए आदि की सफाई का विशेष ध्यान रखें, उनमें जमा होने वाले धूलकणों से एलर्जी हो सकती है, अगरबत्ती, परफ्यूम जैसी तेज गंध वाली चीजों से दूर रहें, घर में क्रॉस वेंटिलेशन की व्यवस्था होनी चाहिए। अगर एसी वाले कमरे से बाहर निकलकर तेज धूप में जाना हो तो आधा घंटे पहले एसी बंद कर दें। जिन्हें वायरल इंफेक्शन हो, उनसे दूर रहने की कोशिश करें, स्टीम लेना भी फायदेमंद साबित होता है। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो आपके लिए साइनस से बचाव आसान हो जाएगा। *

**प्रस्तुतिःविनीता**

प्रिकॉशन

**शिखर चंद जैन**

तपती गर्मी के मौसम में धूप में ज्यादा समय रहने से हीट वेव या लू लगने का रिस्क रहता है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार ना किया जाए तो पेशेंट की कंडीशन बिगड़ सकती है। इस बारे में आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

# हीट वेव से रहें सावधान



इन दिनों देश के कई राज्यों में हीट वेव यानी लू चल रही है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों में तापमान और भी बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहना चाहिए, वरना तमाम बीमारियों और यहां तक कि डेथ का भी जोखिम हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 1998-2017 तक लू के कारण दुनियाभर में 1,66,000 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। प्रदूषण, जंगलों की कटाई, जलवायु परिवर्तन और अन्य कई कारणों से हीट वेव का खतरा लगातार बढ़ रहा है। हीट वेव की वजह से बुजुर्गों, छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा रिस्क होता है।

**क्या है हीट वेव :** जब तापमान 40 डिग्री के पार कर जाता है और गर्म हवाएं चलने लग जाती हैं, तो इसको हीट वेव यानी लू कहते हैं। इतने तापमान में लगातार कई घंटों तक धूप में रहने से व्यक्ति लू की चपेट में आ सकता है। आमतौर पर 40 डिग्री से अधिक तापमान में तीन से चार घंटे लगातार रहने के बाद शरीर में हीट वेव का असर दिखना शुरू हो जाता है।

**किडनी-हार्ट पर पड़ता है असरः** अधिक गर्मी की वजह से पसीना ज्यादा निकलता है और शरीर डिहाइड्रेट होने लगता है। अगर इस दौरान कोई व्यक्ति पानी नहीं पीता है तो शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इससे किडनी के फंक्शन पर असर पड़ने लग जाता है और किडनी फेल भी हो सकती है। इसी प्रकार हार्ट को भी जरूरत से ज्यादा काम करना पड़ता है, रक्त गाढ़ा हो जाता है और धमनियां कड़ी हो जाती हैं तो इससे हार्ट फेल्योर हो सकता है।

**लू लगने के लक्षण :** हीट वेव यानी लू की चपेट में आने से अचानक तेज सिर दर्द होना, पसीना बहुत ज्यादा आना या बिल्कुल न आना, चक्कर आना, उल्टी, मांसपेशियों में दर्द आदि लक्षण दिखाई देते हैं। ब्लडप्रेशर लो हो जाता है, महत्वपूर्ण अंग (विशेषतः ब्रेन) तक ब्लड सप्लाई रुक जाती है। इस स्थिति में व्यक्ति कोमा में जा सकता है और उसके शरीर के एक-एक अंग कुछ ही क्षणों में काम करना बंद कर देते हैं और उस व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

**क्या करें :** गर्मी के मौसम में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। लगातार थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहना चाहिए, कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पिएं। जहां तक संभव हो, ब्लड प्रेशर पर नजर रखें। ठंडे पानी से नहाएं। फल और सब्जियों को भोजन मे ज्यादा स्थान दें। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

घरेलू औषधि

# गर्मियों में लाभकारी सत्तू का सेवन

गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही लोग इससे बचाव के सभी संभव उपाय करने लगते हैं। कुछ लोग कोल्ड ड्रिंक भी पीते हैं। हालांकि इससे कुछ ठंडक तो महसूस होती है लेकिन इसका शरीर पर दुष्प्रभाव भी पड़ता है। कुल्फी, नारियल पानी, शिकंजी, गन्ने का रस की मांग भी बढ़ जाती हैं। इनके अतिरिक्त गर्मियों में स्वास्थ्य के लिए अत्यंत फायदेमंद खाद्य पदार्थ सत्तू भी है। इसे भुने हुए जौ और चने को पीसकर बनाया जाता है। इसे खाया भी जा सकता है या शीतल पेय के रूप में पिया भी जा सकता है। सत्तू में बहुत सारे खनिज मौजूद होते हैं। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और पोटैशियम आदि प्रमुख हैं। इसके सेवन के तरीके भी अलग-अलग हैं। कोई कालीमिर्च और नमक मिलाकर आटे की तरह गूंथ (गूंद कर) प्याज के साथ या पानी में घोलकर नीबू का रस मिलाकर और कुछ लोग तो इसमें घी और शक्कर मिलाकर खाते हैं। गर्मी में कैसे भी खाएं, सत्तू लाभ ही करेगा।




**कई तरह से फायदेमंदः** इस मौसम में तेज गर्म हवाएं, झुलसाने वाली धूप शरीर को हानि पहुंचाती है। इसके फलस्वरूप त्वचा झुलस जाती है। बाल एकदम रूखे और बेजान हो जाते हैं। साथ ही पाचन भी गड़बड़ हो जाता है। चक्कर आने लगते हैं, दस्त, उल्टी के साथ बुखार, सिर दर्द भी होने लगता है। ऐसी दशा में सत्तू संजीवनी का काम करता है। धूप में घर से बाहर निकलने से पहले सत्तू का सेवन अनेक परेशानियों से बचाता है। यह लू से तो बचाता ही है, साथ ही (डायबिटीज) मधुमेह और (ब्लडप्रेशर) रक्तचाप को भी नियंत्रित करता है। इसमें मिलने वाले आयरन की मात्रा चेहरे की झुर्रियों को कम करने के साथ-साथ बालों का रूखापन हटाकर इसे झड़ने से रोकने में मददगार है। गर्भावस्था और मासिक धर्म के समय महिलाओं में पोषक तत्वों की पूर्ति करने में भी सत्तू का सेवन सक्षम है। यह वजन भी घटाता है।

**ऐसे करें सेवनः** लू लगने से बीमार व्यक्ति को सत्तू के घोल में जरा सा नमक और नीबू मिलाकर दिया जाए तो तुरंत ऊर्जा प्रदान कर शरीर को हाइड्रेट करने में मददगार होता है। इसमें मिलने वाला फाइबर पेट को साफ करता है और पाचन में सहायक है। कब्ज से परेशान लोगों के लिए तो यह रामबाण है। अपचन के लिए यह असरकारी होता है। *

**-वैद्य हरि कृष्ण पांडे 'हरीश'**

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि



अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### 810 ग्राम चरस सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा द्वितीय ने चरस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया गया है। दरअसल, सीआईए को सूचना मिली थी कि सेक्टर-9 बाईपास पर नए अड्डे के सामने स्थित पार्क के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की मंशा से मौजूद है। इस पर एक टीम वहां गई और आरोपी को काबू किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी ली गई। इस दौरान उसके पास 810 ग्राम चरस पाई गई। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया।

### नया गांव की धारणा और ईशा आई प्रथम

**बहादुरगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित किए गए दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम में गांव बीरबरकताबाद (नया गांव) के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परिणाम 100 फीसदी रहा। दसवीं कक्षा में स्कूल की छात्रा धारणा ने 85.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, दीपाली ने द्वितीय, मयंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बारहवीं कक्षा में ईशा 81.2 अंकों के साथ प्रथम, अनु ने द्वितीय स्थान, रूबी और दीया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### स्वयंसेविकाओं ने मनाया परिवार दिवस

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महाविद्यालय बहादुरगढ़ की भावीअध्यापिकाओं ने अपने परिवार के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया। स्वयंसेविकाओं ने बताया कि हर साल 15 मई का दिन दुनियाभर में विश्व परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है। परिवार की जरूरत हर किसी को होती है और कोविड टाइम पर हमें खासतौर से इसकी अहमियत पता चली। किसी भी सामाजिक ढांचे में परिवार रीढ़ की तरह काम करता है। हालांकि मौजूदा दौर में परिवारों का विघटन, सामाजिक बिखराव के रूप में देखा जा सकता है।

### गाली और धमकी देने पर केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** बादली थाना क्षेत्र के अधीन लगते एक गांव में मकान के बाहर आकर एक व्यक्ति ने गालियों और अपशब्दों का इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं, जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस को शिकायत दे दी गई है। शिकायतकर्ता युवक का कहना है कि गत दस मई की शाम को गांव में रहने वाला एक व्यक्ति हमारे घर के बाहर आया। हमारे घर की तरफ देखकर वह अश्लील गालियां देने लगा। जान से मारने की धमकी भी दी। तब पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज चेक की, तब फुटेज में कुछ स्पष्ट नहीं हो सका था।

### फाइनल में पहुंची एसएएस की टीम

**बहादुरगढ़।** हरदयाल स्कूल में चल रही प्रथम भरत यादव क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर-15 के दूसरे सेमीफाइनल मैच में दिल्ली एसएएस की टीम ने कुरुक्षेत्र क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान बनाया। मैन ऑफ द मैच मयंक यादव को हरदयाल स्कूल की प्रिंसिपल अंशु यादव ने पुरस्कृत किया। कोच राकेश चौपड़ा ने बताया कि फाइनल में एसएएस अकेडमी का मुकाबला कोलंबस स्कूल की टीम से होगा।

## शास्त्री कॉलोनी, मयुर विहार, इंडियन कॉलोनी में रैली निकाली

# कैडेट्स ने लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया

### तिरंगा व बैनर लेकर मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए नारे लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

इंडियन स्कूल की एनसीसी 12 बटालियन एनसीसी कैडेट्स द्वारा शहर की शास्त्री कॉलोनी, मयुर विहार, इंडियन कॉलोनी में रैली निकाली गई। इस दौरान कैडेट्स ने तिरंगा व बैनर लेकर मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए नारे लगाएं, जिस पर मतदान करने के लिए स्लोगन लिखे हुए थे। रैली के दौरान कैडेट्स ने लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। बुधवार को सुबह करीब नौ बजे रैली का विद्यालय प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गाहल्याण द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान कैडेट्स ने लोगों को मतदान के बारे में जानकारी दी व उनसे आग्रह किया कि आने वाली 25 मई को अपना वोट डासने अवश्य जाए और अपने आसपड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक नीलम गाहल्याण, एएनओ अंकित, एनसीसी इंस्ट्रकटर नितिन कादयान, खेल प्रबंधक सुरेन्द्र शास्त्री आदि उपस्थित रहे।



सोनीपत। . जागरूकता अभियान के तहत जागरूक करते अधिकारी साथ में अन्य। फोटो :हरिभूमि




सोनीपत। इंडियन स्कूल में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य।

#### मतदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी: मंजू

सोनीपत। राजकीय वमावि भदाना के सहयोग से गांव की चौपाल में जिला चुनाव आयोग के निर्देशानुसार में मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी मंजू गर्ग ने शिरकत की। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि वोट डालना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, अपने आने वालेयस भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिये वोट डालना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, कविता, गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से सबको मतदान के लिये प्रेरित किया। अवसर पर प्राचार्य सीमा सिंघल और समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# मतदान करने का दिया संदेश

### केडी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

केडी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों व नेहरू युवा केंद्र सोनीपत के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने ढोल बाजे के साथ शहर भर से रैली निकली और लोगों को संदेश दिया कि वह अपने मत का जरूर से जरूर प्रयोग करें । मतदान करके अपने हक को पहचानें और अपने अधिकार का प्रयोग करें। अपने अधिकारों की शक्ति के बारे में जागरूक हों। इस मौके पर केडी इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर दिनेश कपूर भी उपस्थित रहे। इस अवसर खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने कहा कि जो हमें लोकतांत्रिक वोट का अधिकार मिला है। हमें इसका प्रयोग हर हाल में करना चाहिए, ताकि हम अपनी वोट की ताकत से सरकार बनाने में भागीदारी निभा सके। उन्होंने हर मतदाता से अपील की है कि 25 मई को अपने बूथ पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें। इधर भारतीय जनहित परिषद द्वारा भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।




खरखौदा। हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते खंड शिक्षा अधिकारी।

# दिव्यांगों को परिवार के प्रेम और स्नेह की अधिक जरूरत: एमडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

डीबीएम स्पेशल कॉलेज आफ एजुकेशन में गुरुवार को अन्तरराष्ट्रीय परिवार दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता संस्थान के एमडी विकास मलिक ने की। एमडी ने दिव्यांग बच्चों के स्वजनों को बताया कि दिव्यांग बच्चों को विद्यालय व शिक्षकों के प्रेम व स्नेह के साथ-साथ परिवार के प्रेम व स्नेह की अधिक आवश्यकता होती है। परिवार का प्रेम दिव्यांग बच्चों में मनोबल को मजबूत करते हुए उनको जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के तहत संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे डीएड विशेष शिक्षा के छात्रों को परिवार की अहमियत के बारे में जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन पाठ्यक्रम समन्वयक विजय प्रकाश तिवारी एवं सोनू ने किया। शिक्षक सुरेन्द्र, पूनम, प्रीति, कृष्ण व अजय मौजूद रहे।




गोहाना। कार्यक्रम में अपने गुरुजनों व परिवारजनों के साथ दिव्यांग बच्चे।




खरखौदा। बार एसो.के वकीलों को संबोधित करते ओएसडी वीरेंद्र सिंह चोटीवाला।

### बार एसोसिएशन खरखौदा की होगी मदद : ओएसडी

**खरखौदा।** पूर्व सीएम मनोहर लाल के ओएसडी वीरेंद्र सिंह चोटीवाला ने खरखौदा बार एसोसिएशन आश्वासन दिया कि जैसे ही आचार संहिता समाप्त होती है तो वह दोबारा से फिर से यहां आएंगे और हर संभव मदद करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा सत्र में घोषणा की थी कि जो व्यक्ति सरकारी संपत्ति पर 50 वर्ष से मकान बना कर रह रहा है। उसके लिए विशेष पालिसी बनाई है। उस पॉलिसी पर काम चल रहा है। जैसे ही पॉलिसी क्रियान्वित होगी, लोगों को लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। जो अधिकारी कर्मचारी रिश्वत लेकर कार्य कर रहे हैं। ऐसे रिश्वतखोरों को पकड़ने के लिए सरकार काम कर रही है और ऐसे लोगों को अंदर किए जाने का काम किया जाएगा। प्रदेश के किसी भी गांव व शहर में विकास करने में कोई रुकावट नहीं आने दी जाएगी। बढ़खालसा गांव में शहीद दादा कुशाल सिंह की स्मृति में विशेष समारोह किया जाएगा। बार एसोसिएशन प्रधान कमल शर्मा ने कहा कि स्थानीय कोर्ट की 2015 स्थापना हुई थी। इस दृष्टि से यह आरंभिक दौर में है और आय के साधन के साधन न के बराबर हैं। इस अवसर पर आशुतोष सरोहा, सुधीर गुलिया, साहिल गनौत्रा आदि मौजूद रहे ।

# क्रांतिकारी सुखदेव की 117वीं जयंती मनाई

- ग्रामीणों ने सुखदेव सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

गोहाना-सोनीपत सोनीपत रोड स्थित गांव बड़ौता में गुरुवार को क्रांतिकारी सुखदेव सिंह की 117वीं जयंती मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता गांव के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि दिनेश उर्फ पप्पू हुड्डा ने की। समारोह में ग्रामीणों ने सुखदेव सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

मुख्य अतिथि आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा सुखदेव थापर ने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी थी। उनका जन्म 15 मई 1907 में पंजाब के लुधियाना शहर में हुआ था। अपने बचपन से ही उन्होंने भारत में ब्रिटिश हुकूमत के जुल्मों को देखा और इसी के चलते गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए क्रांतिकारी बन गए। उनके मन में देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। जयंती समारोह के अध्यक्ष दिनेश उर्फ पप्पू ने कहा सुखदेव थापर ने लाला लाजपत राय की मृत्यु का बदला लिया था। पुलिस अफसर जेपी सांडर्स को मौत के घाट उतारने के जुर्म में 23 मार्च 1931 को राजगुरु, सुखदेव व भगत सिंह को फांसी दे दी गई इस अवसर पर राजपाल कश्यप, सतवीर पोडिया, राजमल कश्यप, रोहित धोबी, शौकीन चहल, बलवान पांचाल, जितेंद्र तथा रोहित विशेष रूप से मौजूद थे।



गोहाना। सुखदेव थापर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक।

# मेधावी अनुज 97% अंकों के साथ विद्यालय में टॉपर

- गांव मदीना के छात्र अनुज पुत्र नरेंद्र ने गणित में लिए 100 अंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

गांव मदीना निवासी पहलवान नरेंद्र के पुत्र अनुज ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक लेकर अपने स्कूल को ऑप किया है। मेधावी अनुज गांव मदीना स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल के छात्र हैं।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल ही में कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। छात्र अनुज ने 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए और गणित विषय में पूरे 100 अंक हासिल करके अपनी प्रतिभा का परचम फहराया। इस शानदार उपलब्धि को लेकर स्कूल के एमडी विकास मलिक ने उनको सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



गोहाना। मेधावी अनुज।

# सीबीएसई 10वीं-12वीं की परीक्षा में मेधावी विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### नालंदा इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा में गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। गुरुवार को स्कूल की एमडी रीना मलिक और प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

कक्षा 10वीं की परीक्षा में छात्रा मनषिका ने 96.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ लक्षिता ने दूसरा तो 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ दीपांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं की परीक्षा में वाणिज्य संकाय में 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ कनिका अव्वल रही। 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ सांची दूसरे तो विज्ञान संकाय में 90 प्रतिशत अंकों के साथ हर्षिता तीसरे स्थान पर रही। स्कूल की एमडी रीना मलिक ने मेधावी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



गोहाना। मेधावी विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

# लखीराम मैमोरियल स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम किया गया है। जिसमें लखी राम मैमोरियल सेकेंडरी स्कूल हलालपुर के छात्रों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। कुल 41 बच्चों ने परीक्षा दी थी और 34 बच्चों ने मेरिट हासिल की और बाकी सभी छात्र 70% अंकों से अधिक रहे। प्राची पुत्री प्रदीप कुमार नाहरा ने और हर्षिता पुत्री नवीन कुमार नाहरी ने 97.4 % दोनों ने मैथ्स में 100/100 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पारुल पुत्री ललित नाहरी ने 94.6 % अंक लेकर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया। हार्दिक पुत्र प्रदीप मल्हा माजरा ने 93.8 % अंक लेकर स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। अर्जुन पुत्र संदीप गांव नाहरा ने 92.6 % अंक लेकर स्कूल में चौथा स्थान प्राप्त किया। पारुल पुत्री ललित मल्हा माजरा और सक्षम पुत्र अनिल हलालपुर दोनों ने संयुक्त रूप से 91.2 % अंक लेकर पांचवा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य संजय कुमार और उप प्रधानाचार्य रितु ने इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सभी अध्यापकों और बच्चों को शुभकामनाएं दी।



खरखौदा। गुरुजनों के साथ दसवीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी।

### ओएलएक्स पर ठगी करने वाला ओडिशा से धरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले की साइबर पुलिस ने एक जालसाज को ओडिशा से अरेस्ट किया है। इस पर ओएलएक्स पर फर्जी अकाउंट बनाकर सस्ते दामों पर सामान उपलब्ध करवाने की आड़ में ठगी का आरोप है। गिरफ्त में आये आरोपी का नाम सिद्धार्थ पाणिग्रही उर्फ सागर है। इसके पास से पांच मोबाइल फोन भी जब्त किये गए हैं। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार एक पीड़ित ने साइबर पुलिस स्टेशन में दो लाख की ठगी की शिकायत दी थी। बताया कि उसे 25 एसी खरीदने थे, जिसके लिए उसका संपर्क ओएलएक्स पर एक शख्स से हुआ। एसी खरीदने की डील दोनों के बीच पक्की हो गई। पीड़ित ने आरोपी के कहे अनुसार 27 अप्रैल को एक बैंक खाते में चार बार में दो लाख रुपए का भुगतान एडवांस के तौर पर कर दिया। इसके बाद उक्त शख्स ने शिकायतकर्ता का फोन उठाना बंद कर दिया। मामले में हुई शिकायत पर पुलिस ने छह मई को मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लिया। जिन अकाउंट में रुपए भेजे गए थे, उस बैंक से जानकारी हासिल की गई। पुलिस को पता चला कि आरोपी ओडिशा से ही इस ठगी के धंधे को ऑपरेट कर रहा है।

**बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गन्नौर।**

| केस नं. | तिथि दायरा | तिथि पेशी | मौजा |
| --- | --- | --- | --- |
| 44/तहसीलदार | 01/10/21 | 18/06/24 | पिपली खेड़ा |

श्रीमती शकुन्तला पत्नी धनसिंह पुत्र हरफूल निवासी गांव पिपली खेड़ा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत।
– फरीक अव्वल

बनाम

1- श्रीमती सूरजकौर पुत्री मौजी पुत्र भीखन 2 दर्शना विधवा व 3-अनार सिंह पुत्र रामकिशन पुत्र मौजी 4-रणवीर सिंह पुत्र भीमसिंह पुत्र सीसराम 5-विकास 6 मोहित पुत्रान बेगराज पुत्र सीसराम 7 माईचन्द पुत्र जिलेसिंह पुत्र सीसराम 9 सन्जीव पुत्र रघवीर पुत्र जिलेसिंह 12-ओमपति विधवा व 13 मन्जीत पुत्र व 14-मन्जूशा पुत्री व. 15-रजन पुत्र दिलावर सिंह पुत्र रामकिशन निवासीगण गांव पिपली खेड़ा तह0 गन्नौर जिला सोनीपत।
– फरीक दोयमगण

**दरखास्त तकसीम अराजी जरई मुन्दजा खेवट नं0-128//108, खाता नं0-160 कुल तादादी 72 कनाल 05 मरले वाका मौजा पिपली खेड़ा तह0 गन्नौर जिला सोनीपत।**

उक्त दरखास्त मेरे न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें **तिथि पेशी 18/06/2024** के लिए निश्चित है। अत: इस विज्ञापन टाईम्स ऑफ इण्डिया अग्रेंजी व दैनिक हरिभूमि हिन्दी द्वारा फरीक दोयमगण को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक-18/06/2024** को प्रात: 10:00 बजे असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में उपरोक्त केस की पैरवी हेतू हाजिर आवे। हाजिर ना आने की सुरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।
आज दिनांक-01/05/2024 को मेरे न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।
**सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गन्नौर।**

**बा अदालत जनाब सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गन्नौर।**

| केस नं. | तिथि दायरा | तिथि पेशी | मौजा |
| --- | --- | --- | --- |
| 43 तहसीलदार | 01/10/21 | 18/06/24 | पिपली खेड़ा |

श्रीमती शकुन्तला पत्नी धनसिंह पुत्र हरफूल निवासी गांव पिपली खेड़ा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत।
–फरीक अव्वल

बनाम

1- रामकिशन पुत्र मौजी पुत्र भीखन 2 श्रीमती सूरजकौर पुत्री मौजी पुत्र भीखन 3-रजत मलिक पुत्र दिलावर सिंह पुत्र रामकिशन 4-संजीव पुत्र रघवीर सिंह पुत्र जिले सिंह 5-अनार सिंह पुत्र रामकिशन पुत्र मौजी 9 रणवीर पुत्र भीमसिंह मोहित पुत्र सीसराम 10 विकास 11- मोहित पुत्रान बेगराज पुत्र सीसराम 12-माईचन्द पुत्र जिलेसिंह पुत्र सीसराम 13-ओमपति विधवा व 14 मन्जीत पुत्र व 15-मन्जूशा पुत्री दिलावर सिंह पुत्र रामकिशन निवासीगण गांव पिपली खेड़ा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत ।
– फरीक दोयमगण

**दरखास्त तकसीम अराजी जरई मुन्दजा खेवट नं0-295//266, खाता नं0-389 कुल तादादी 16 कनाल 07 मरले वाका मौजा पिपली खेड़ा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत।**

उक्त दरखास्त मेरे न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें **तिथि पेशी 18/06/2024** के लिए निश्चित है। अत: इस विज्ञापन टाईम्स ऑफ इण्डिया अग्रेंजी व दैनिक हरिभूमि हिन्दी द्वारा फरीक दोयमगण को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक - 18/06/2024 को प्रात: 10:00 बजे** असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में उपरोक्त केस की पैरवी हेतू हाजिर आवे। हाजिर ना आने की सुरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जावेगी।
आज दिनांक-01/05/2024 को मेरे न्यायालय की मोहर एवं हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।
**सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी गन्नौर।**

## दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

# चुनाव के बाद योजनाओं के लिए मतदाताओं का पंजीकरण करने पर कार्रवाई करे दिल्ली पुलिस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने दिल्ली पुलिस से चुनाव के बाद योजनाओं का फायदा देने के लिए मतदाताओं के पंजीकरण में शामिल राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने 11 मई को दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को लिखे पत्र में उनसे इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए क्षेत्र के अधिकारियों और जिला पुलिस को और अधिक सतर्क एवं संवेदनशील बनाने को कहा। पत्र में कहा गया है कि निर्वाचन कार्यालय को 'कुछ' राजनीतिक दलों द्वारा सर्वेक्षण की आड़ में चुनाव के बाद योजनाओं का फायदा देने के लिए 'मतदाताओं का पंजीकरण' करने की शिकायतें मिली हैं। इसमें कहा गया है कि ऐसे दल अपनी संभावित योजनाओं का लाभ पाने के लिए मतदाताओं से हाथ से या डिजिटल रूप से फॉर्म भरने के लिए कह रहे हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय द्वारा पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में कहा गया है कि कुछ राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ विभिन्न योजनाओं के लिए व्यक्तियों को पंजीकृत करने और पर्चे के रूप में गारंटी कार्ड वितरित करने के साथ-साथ मतदाताओं का नाम, उम्र पता, मोबाइल नंबर, बूथ नंबर, निर्वाचन क्षेत्र का नाम जैसे विवरण मांगने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। पत्र में कहा गया कि इस तरह के उल्लंघनों के खिलाफ निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) द्वारा कार्रवाई की जा रही है। आपसे (पुलिस आयुक्त) भी अनुरोध है कि आप अधिकारियों, जिला पुलिस को उनके संबंधित अधिकार क्षेत्र में ऐसी गैरकानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण लगाने के लिए सक्रिय और अधिक सतर्क रहने का निर्देश दें। निर्वाचन अधिकारी ने यह भी सुझाव दिया कि पुलिस जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127ए और 123(1) और भारतीय दंड संहिता की धारा 171 (बी) के तहत कार्रवाई कर सकती है।




### मतदाता जागरूकता के लिए 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स' की मदद

निर्वाचन आयोग 25 मई को राजधानी में मतदान के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स' की मदद ले रहा है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी कृष्णमूर्ति ने बताया कि आयोग 'सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन' (एसवीईईपी) कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इस बार एक अनोखी पहल में, विभिन्न जिलों में इस काम के लिए 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स' को शामिल किया गया है। कृष्णमूर्ति ने एक साक्षात्कार में बताया कि हमारे कुछ जिलों में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रैपर्स, यात्रा गाइड, खान-पान विशेषज्ञों जैसे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स तथा युवाओं की मदद हम ले रहे है।

## खबर संक्षेप

### गोवंश को खिलाया चारा और गुड़-चना

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षण संस्थान खन्ना कॉलोनी सोनीपत के कक्षा 5वी एवं 6वी के विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा संगठन सोनीपत द्वारा संचालित गौशाला में पहुंच कर अपने हाथों से गौवंश को चारा, गुड़-चना, दलिया एवं गौ ग्रास खिलाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने समाज एवं राष्ट्र की शांति हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित समुदाय को सड़क सुरक्षा संगठन के द्वारा यातायात नियमों के पालन करने की शपथ ग्रहण करवाई गई। इसके अलावा सड़क सुरक्षा जीवों की रक्षा करने का संकल्प लिया गया।

### सुखमणि साहिब जी का पाठ 20 मई से शुरू

**गोहाना।** पंचम पादशाही गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में उन्हीं द्वारा रचित सुखमणि साहिब जी का पाठ शहर के वार्ड नंबर 8 के सत नगर स्थित गुरुद्वारा सचखंड साहिब जी में 20 मई से प्रारंभ होगा। गुरुद्वारे के प्रवक्ता और जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल के.एल. दुरेजा के अनुसार 20 मई से 9 जून तक सुखमणि साहिब जी का पाठ रोज शाम को 4 बजे से 6 बजे तक गुरुद्वारा साहिब जी में होगा। यह पाठ महिला सुखमणि समिति द्वारा किया जाएगा।

### फ्लाईओवर के नीचे खड़ा ऑटो चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ फ्लाईओवर के नीचे खड़े ऑटो के चोरी होने का मामला सामने आया है। चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

कुमासपुर निवासी योगेश ने बताया कि उसने गांव के युवक से किराए पर ऑटो चलाने के लिए ले रखा है। वह बहालगढ़ से मुरथल तक ऑटो चलाता है।

## भयंकर आग लगने से सारा सामान जलकर राख

# शॉर्ट-शर्किट से अस्पताल में लगी आग, नुकसान

मुरथल रोड पर स्थित शिव दांतों के अस्पताल में देर शाम हुई आग की घटना से मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के मुरथल रोड पर स्थित शिवा दांतों के अस्पताल में एसी में हुए शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची जहां तीन गाड़ियों की सहायता से दमकल कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। अस्पताल में आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया।


सोनीपत। अस्पताल में लगी आग।

> मुरथल रोड पर दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी सूचना के बाद तीन गाड़ियां दमकल विभाग की मौके पर पहुंची। आगे एक दांतों के अस्पताल में लगी हुई थी। दमकल कर्मचारियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। अस्पताल संचालक आग लगने से हुए नुकसान की जानकारी ली जाएगी।
> विनोद कुमार सब फायर ऑफिसर।

मुरथल रोड पर स्थित है शिव दांतों के अस्पताल में देर शाम ऐसी में हुए शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आपकी सूचना दमकल विभाग की टीम को दी गई। समय रहते दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची जिसके चलते जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया।

**खास बातें**
- सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने आग पर पाया काबू
- आग लगने से अस्पताल में रखा सारा सामान जलकर राख
- एसी में शॉर्ट सर्किट के चलते हुआ हादसा

### खेड़ी गुज्जर गांव में तेजधार हथियार से हमला कर दी जान से मारने की धमकी

**गन्नौर।** गांव खेड़ी गुज्जर में तेजधार हथियार से हमला कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने गांव के सोहन की शिकायत पर मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में खेड़ी गुज्जर गांव के सोहन ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में सोहन ने बताया कि वह अपनी बहन को उसकी सुसराल में छोड़कर घर आ रहा था तो रास्ते में विकास गली में अपनी गाड़ी लेकर खड़ा था। मेरा भाई मोहन भी साथ था तो उसी दौरान विकास ने अपनी गाड़ी को हमें देखकर अपनी गाड़ी का गियर लगाकर हार्न बजाते हुए विकास ने एक दम गाड़ी रोककर हमारे साथ गाली गलोच शुरू कर दिया। उस दौरान उक्त सभी एकत्रित हो गए, उसके बाद चुपचाप हम घर आ गए। आरोप है कि थोड़ी देर बाद भोपाल अपने बेटे विकास, अंकित, आजाद , बिन्दर, तनिष व अन्य अपने हाथों में लाठी, कुहाड़ी, चाकू, गंडासी व डन्डे लेकर हमारे घर में घुस आए और आते ही हमें बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। विकास व आजाद ने मेरे व मेरे पिता के सिर में कुहाड़ी से हमला कर दिया। सभी ने जान से मारने की नियत से परिवार वालों पर हथियारों व लाठियों से वार शुरू कर दिया। बचाव के लिए हमने शोर मचाया तो शोर सुनकर गांव के काफी आदमी इकट्ठा हो गए।




### बाढ़े सर, धो दी सारयां की धोती

पिछले दिनों पूर्व सीएम के सामने विधायकों, पूर्व विधायकों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई थी।



बैठक में काले चश्मे वाले नेताजी जो कि गन्नौर की राजनीति करते हैं, उन्होंने बाढ़े सर, सारयां की धोती सी धो दी। अपने भाषण में नेताजी ने कहा कि मेरा पानी उतरता देख किनारे पर घर मत बनाना, मैं समुंदर हूं लौट कर आउंगा। बस फिर क्या था इसके बाद गलब की तालियां गूंजी।

### फिसल गई जुबान बाबा को दे दी गाली

इसी कार्यक्रम में एक अमीर नेता की बारी आई थी भाषण देने की। अपनी विधानसभा से 50 हजार से ज्यादा की जीत का दावा करने के दौरान नेताजी ने हरिद्वार वाले बाबा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी।



फ्लो-फ्लो में नेताजी इतना बहक गए कि बाबा जी को गाली दे बैठे। ऐसी गाली जिसे एक रिश्ते का नाम भी दिया गया है। हालांकि इस पर कुछ हंगामा नहीं हुआ।

### 26 टीमें करेंगी 10 हजार मीटिंग

सोनीपत लोकसभा चुनाव में कांटे की टक्कर को देखते हुए। एक बड़े राजनीतिक दल को बैकबोन कहे जाने वाली बड़ी संस्था ने 26 टीमें मैदान में उतार दी हैं। सुनने में आया है कि प्रत्याशी को बढ़त दिलाने के लिये इन 26 टीमों पर 10 हजार मीटिंग करने का लक्ष्य दिया गया है। मीटिंग और बढ़त दोनों ही भारी-भरकम काम है, देखते हैं दोनों काम सफल होते हैं या एक या फिर एक भी नहीं।



### पुरानी ट्रेनिंग पड़ रही है भारी



सचिवालय के एक बड़े अधिकारी इन दिनों पूरी फोर्म में हैं। नामांकन के दिनों में पुलिस कर्मियों को हड़का दिया था, अब चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को जमकर खींच रहे हैं। कोई कह रहा था कि साहब की इस ज्वाइनिंग से पहले वाली ज्वाइनिंग की ट्रेनिंग की वजह से साहब कड़क मिजाज रहते हैं।

### मंच पर सवाल मुखिया बैठे सामने



सूबे के मुखिया ने एक मीटिंग ली थी। मीटिंग में मंच पर बैठने को लेकर गन्नौर के एक नेता ने दूसरे नेता को अप्रत्यक्ष रूप से आड़े हाथों ले लिया। युवा नेता आए मंच पर जा बैठे। फिर क्या था सामने की कुर्सी पर बैठे वरिष्ठ नेता ने मुखिया को ही कह दिया कि ऐसी हरकतों से मनोबल टूटता है। मुखिया समझदार निकले, मंच से उतरे और खुद ही सामने की कुर्सी में बैठ गए।

### महिला ने लगाया मारपीट का आरोप

**खरखौदा।** हलालपुर गांव में एक परिवार के तीन सदस्यों ने महिला की पिटाई ही नहीं की बल्कि उसे जान से मारने की धमकी दी। सुमित्रा ने बताया कि वह अपने प्लाट में चिनाई का काम देखने के लिए गई थी। इस दौरान गांव का सीलकराम उसकी पत्नी सुनीता व उसका पुत्र राहुल वहां पर आकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब उसने स्वयं को बचाने के लिए शोर मचाया तो वहां पर आसपास के पड़ोसी इकट्ठा हो गए। इस दौरान वे तीनों उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी।

## फाइबर लाइन दबाने के लिए खोदे गए गड्ढों से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

पिछले दिनों नगरपालिका रोड पर मशीनों द्वारा दबाई गई इंटरनेट फाईबर दबाने के लिए खोदे गए गड्ढे हादसे का कारण बन रहे है। इस तरफ न तो नगरपालिका का कोई ध्यान है, न ही फाईबर दबाने वाली कंपनी का। दोनो की मनमानी का खामियाजा लोगों व दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि फाईबर दबाने के दौरान खोदे गए गड्ढों को भरवाया जाए ताकि दुकानदारों व लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़ा। दुकानदार सुरेश, सतबीर, विकास ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक के सामने फाईबर दबाने के दौरान खोदे गए गड्ढे के आसपास सड़क के साथ में बिछाई गई टायले भी उखड़ गई है। उन्होंने बताया कि रात के समय तो और परेशानी बढ़ जाती है। दुकानदारों ने प्रशासन से फाईबर दबाने के दौरान खोदे गए गड्ढों को बंद कराने की मांग की है।


फाइबर दबाने के दौरान खोदे गए गड्ढों से परेशान रोष व्यक्त करते हुए।

## भूटान से आए मेहमानों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ के सभागार में सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत भूटान के विभिन्न विद्यालयों से लगभग चालीस प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों के दल का भव्य स्वागत किया गया। डेमा ल्हामो व वेंगमो, दिहन, किंजेंग वेंग्डी आदि प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों का यह दल ऋषिकुल विद्यापीठ में 13 मई से 22 मई तक रहेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से भूटान के प्रधानाध्यापक व अध्यापक भारतीय संस्कृति, शिक्षा, भाषा और परंपराओं का अवलोकन करेंगे। इसके अलावा, यह दल विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेगा। ऋषिकुल विद्यापीठ के चेयरमैन एसके शर्मा ने इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के बारे में कहा कि यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है जो हमारे छात्रों के मध्य विश्व सांस्कृतिक सम्बन्धों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। निदेशक धीरज शर्मा ने कहा कि ऋषिकुल विद्यापीठ का भूटान के इस सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम से दोनों देशों के तकनीकी क्षेत्र में विस्तार होगा। व


**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ में पहुंचें भूटान के शिक्षक।

## तेजधार हथियार से हमला कर दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव खेड़ी गुज्जर में तेजधार हथियार से हमला कर एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने गांव के सोहन की शिकायत पर मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। शिकायत में सोहन ने बताया कि वह अपने भाई मोहन के साथ घर आ रहा था तो रास्ते में विकास गली में अपनी गाड़ी लेकर खड़ा था। विकास ने उनके साथ गाली गलौज किया। थोड़ी देर बाद भोपाल अपने बेटे विकास, अंकित, आजाद, बिंदर, तनिष व अन्य अपने हाथों में लाठी, कुल्हाड़ी, चाकू, गंडासी व डंडे लेकर उनके घर में घुस आए और आते ही उन्हें बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। विकास व आजाद ने उसके व उसके पिता पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। उनके शोर मचाने पर गांव के काफी व्यक्ति एकत्रित हो गए और उनकी जान बचाई। हमले के बाद सभी आरोपित भाग गए। पुलिस ने शिकायत के बाद सभी आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भय, भूख और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प है प्रधानमंत्री मोदी का : मोहनलाल बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि, पहले जब गरीब बीमार होता था तो चिंता होती थी कि इलाज के पैसे कहां से मिलेंगे। गरीबों के इस दर्द और चिंता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझा और हर गरीबों को पांच लाख तक के उपचार की गारंटी दी। कोरोना काल में जब दुनियाभर में खाने तक के लिए हाहाकार मचा हुआ था, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों को मुफ्त राशन की गारंटी दी। जिसे अगले पांच साल तक के लिए बढ़ाकर गरीबों को उनका हक देने का काम किया है। बड़ौली बुधवार को सफीदो विधानसभा कुरड़, बिटानी, सरफाबाद, रोझला, होसियारपुर, रामनगर, हरिगढ़ समेत 18 गांवों में आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंपर्क किया। आयोजित चौपाल में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली ने पीएम के इस सोच और संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए सभी मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।


**सोनीपत।** जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली का स्वागत करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

### खेत में जा रहे एक व्यक्ति को बंधक बना कर की मारपीट

**गन्नौर।** राजलू गढ़ी गांव में कुछ व्यक्तियों ने खेत में जा रहे एक व्यक्ति के साथ बंधक बना कर उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि आरोपितों ने उसे व उसके भतीजे रितिक को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में राजलू गढ़ी गांव के बिजेंद्र ने बताया कि वह 13 मई की दोपहर को अपने खेत में जा रहा था। रास्ते में केनरा बैंक के पास राजपुर निवासी सुल्तान मिल गया। जब वह सुल्तान से बात कर रहा था तो पीछे से गांव के संजय, कुलदीप, मंदीप, कालू, सुमन व अन्य ने उस पर हमला कर दिया। आरोपित उसे बंधक बनाकर अपने घर ले गए और रस्सी से बांध कर उसकी पिटाई कर दी। जिससे उसके हाथ व पैर पर गंभीर चोटें आई। उसके भतीजे रितिक ने डायल 112 पर फोन किया तो आरोपितों ने उसे व उसके भतीजे को जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया।

## भाजपा करती है झूठ की राजनीति, कई घोषणाएं साबित हुई झूठ का पुलिंदा : सतपाल ब्रह्मचारी

- बरोदा के लोगों को कांग्रेस की गारंटी पर भरोसा : सतपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने बुधवार को बरोदा हलके के जागसी, बुटाना,बिचपड़ी, बुसाना, चिड़ाना, मुंडलाना, मातंड, गंगाना, छतेहरा सहित दो दर्जन गांवों में चुनाव प्रचार करते हुए कांग्रेस पार्टी के लिए वोटों की अपील की। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि 4 साल पहले हुए बरोदा उप चुनाव के समय हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री और सरकार के अन्य नुमाइंदों ने बरोदा की जनता से ढेरों लोक लुभावने वायदे किये थे, लेकिन 4 साल बीत जाने के बाद भी बरोदा वासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। जिससे साबित होता है कि भाजपा झूठ की राजनीति करती है। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि बरोदा के लोगों को कांग्रेस के न्याय पत्र की गारंटी पर पूरा भरोसा है। इस अवसर पर मौजूद स्थानीय विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि बरोदा उप चुनाव में सरकार द्वारा की गई घोषणाओं को लेकर वो निजी तौर पर मुख्यमंत्री से भी मिले थे, लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि 4 साल बाद वो सभी घोषणाएं जुमला साबित हुई। इस अवसर पर उनके साथ रोहित मोर, जीता हुड्डा, कपूर नरवाल, रवि इंदौरा, देवेंद्र शर्मा, कमला भावड़, जगदीश भावड़, कुलदीप गंगाना, रविंद्र मोर, सतपाल धानक, जंगशेर नूरन खेड़ा, राजू मोर, साहिल नरवाल, जयपाल बूटना, प्रमेंद्र जोली, अनूप मलिक, सोनू प्रजापति, देवेंद्र छपरा, राहुल शर्मा, जितेंद्र जांगड़ा आदि मौजूद रहे।


**सोनीपत।** बरोदा में जनसंपर्क अभियान के तहत उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी साथ में अन्य। **फोटो : हरिभूमि**

### वैस्ट रामनगर के अनिकेत ने झटके 98 प्रतिशत अंक

5. वैस्ट रामनगर के अनिकेत ने झटके 98 प्रतिशत अंक हरिभूमि न्यूज. सोनीपत वैस्ट रामनगर में रहने वाले होनहार विद्यार्थी अनिकेत तोमर ने सीबीएसई की 10वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। खास बात यह है कि अनिकेत ने गणित विषय में पूरे 100 नम्बर हासिल की परिवार का नाम रोशन किया है। अनिकेत ने इसका श्रेय वशिष्ठ अकादमी के शिक्षक मनजीत शर्मा को दिया है। अनिकेत के पिता रजनीश ने बताया कि अनिकेत शुरूआत से ही बेहद होनहार है और हमेशा कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल करता है। शिक्षक मनजीत ने बताया कि अनिकेत मेहनती विद्यार्थी है और आगे भी उससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने अनिकेत के अलावा एंजल, ध्रुव, अंशु, रौनक, तनिष्का, तनिष्क ने भी 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक झटके हैं। साथ ही 12वीं कक्षा के दक्ष, रितिशा, वंशिका ने भी 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं।


छात्र अनिकेत अपने शिक्षक, पिता व दादी के साथ।

## वामन अवतार, राम अवतार, कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर। बसंत विहार में श्री बांकेबिहारी श्री जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित बसंत विहार में पुष्प वर्ल्ड स्कूल के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वामन अवतार, राम अवतार, कृष्ण जन्म कहानी का गुणगान किया गया। कथा वाचक सुधाकर महाराज ने वामन अवतार के बारे में वर्णन करते हुए बताया कि त्रेतायुग के प्रारंभ होने में देवी अदिति के गर्भ में उत्पन्न हुए। इसके साथ ही भगवान विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे जो मानव अवतार रुप में प्रकट हुए। भगवान राम अवतार का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान विष्णु के 10 अवतारों में 7वां अवतार भगवान राम को माना जाता है। कृष्ण जन्म के बारे में बताया कि कृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार मे हुआ था जो माता देवकी और पिता वासुदेव की 7वीं संतान थे। श्रीमद्भागवत के वर्णन अनुसार द्वापरयुग में भोजवंशी राजा उग्रसेन मथुरा में राज करते थे और देवकी उनकी पुत्री थी। कार्यक्रम की व्यवस्था मंडल के अध्यक्ष संजय गौतम, संरक्षक प्रवीन सिंघल, सचिव राजेश चौहान, कोषाध्यक्ष राजीव राय, उपाध्यक्ष प्रवेश मदान, संदीप सोनी, कमल शर्मा सहित अन्य सदस्य संभाल रहे हैं।

## स्केनर भेजकर दो खातों से 1.22 लाख का लगाया चूना

# सीआरपीएफ अधिकारी बनकर उड़ाए लाखों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना क्षेत्र के गांव बढ़मलिक में बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर के पास खुद को सीआरपीएफ अधिकारी बताकर कॉल करने के बाद स्कैनर भेजकर दो खातों से 1.22 लाख रुपये उड़ाने का मामला सामने आया है। आरोपित ने पीड़ित से 100 बैग सीमेंट मंगवाने के नाम पर कॉल की थी। पुलिस ने सप्लायर के बेटे के बयान पर धोखाधड़ी व चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव बढ़मलिक निवासी जतिन राणा ने बताया कि उनके पिता बलजीत सिंह राणा गांव के सामने बीसवां मील रोड पर राणा हार्डवेयर एवं बिल्डिंग मटेरियल के नाम से दुकान चलाते हैं। उनके पिता के पास 1 मई को एक नंबर से कॉल की थी। कॉल करने वाले ने कहा था कि वह सीआरपीएफ कैंप में अधिकारी हैं। उन्हें कैंप के लिए 100 बैग सीमेंट की जरूरत है। वह पहले 17 हजार रुपये ऑनलाइन भेज रहे है। उसके बाद वह सीमेंट लेकर आने पर बाकी रुपये दे देंगे। इस पर उनके पिता ने उसका मोबाइल नंबर दे दिया था। उनके पास साइबर ठग ने कॉल की। ठग ने कहा कि आर्मी में अधिकारी होने के चलते वह सीधे खाते में रुपये नहीं भेज सकते। उन्हें स्कैनर से रुपये भेजने होंगे। इस पर ठग ने उनके पास एक स्कैनर भेज दिया। जिसके स्कैन करते ही उनके एक बैंक खाते से एक रुपये कट गया और दूसरे खाते में दो रुपये आ गए। फिर से उनके पास स्कैनर भेजा गया। जिस पर उनके एक बैंक खाते से दो बार में 17,000 रुपये व 4,999 रुपये कट गए। साथ ही दूसरे बैंक खाते से एक बार में 44,444 रुपये व 55,555 रुपये कट गए। उनके खातों से कुल 1,21,998 रुपये कट गए। तब उन्हें धोखाधड़ी का पता लगा। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल की। उसके बाद अब पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**खास बातें**
- बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर से 100 बैग सीमेंट मंगवाने को की थी कॉल
- पहले 17 हजार ऑनलाइन देने का झांसा देकर भेजा स्केनर, सप्लायर ने बेटे का मोबाइल नंबर दिया
- बेटे को स्केनर भेजकर दो खातों से निकाली राशि
- बढ़मलिक निवासी युवक के बयान पर पुलिस ने किया धोखाधड़ी से चोरी का मुकदमा दर्ज